किसान बोले जनवरी में नहरबंदी नहीं लेने देंगे

- बीकानेर कैनाल को भी फिरोजपुर फीडर से ही पानी मिलता है, ऐसे में किसानों को जनवरी में नहरबंदी से फसलें बर्बाद होने का भय सता रहा है, ऐसी स्थिति के चलते अब किसान एकजुट हो गए हैं
- फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण के लिए पंजाब जल संसाधन विभाग ने टेंडर कर दिए हैं। अब फीडर में हरिके बांध से पानी का प्रवाह बंद कर पुनर्निर्माण शुरू किया जाना है

श्रीगंगानगर, (कासं)। फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण के लिए पंजाब जल संसाधन विभाग ने टेंडर कर दिए हैं। अब फीडर में हरिके बांध से पानी का प्रवाह बंद कर पुनर्निर्माण शुरू किया जाना है, लेकिन नहरबंदी कब से होगी। इसको लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। बीकानेर कैनाल को भी फिरोजपुर फीडर से ही पानी मिलता है। ऐसे में किसानों को जनवरी में नहरबंदी से फसलें बर्बाद होने का भय सता रहा है। ऐसी स्थिति के चलते अब किसान एकजुट हो गए हैं।

किसानों का कहना है कि जनवरी में किसी भी हालात में नहरबंदी नहीं लेने देंगे। किसानों ने 5 जनवरी को गुरूद्वारा सिंहसभा में बैठक कर आंदोलन का निर्णय लेने का ऐलान किया है। ग्रामीण किसान मजदूर समिति के प्रवक्ता संतवीर सिंह मोहनपुरा ने बताया कि जिला स्तर पर होने वाली रेगुलेशन समिति की बैठक में भी विधायकों की उपस्थिति में विभाग के अधिकारियों से फिरोजपुर फीडर का पुनर्निर्माण कब से शुरू करने, नहरबंदी के दौरान बीकानेर कैनाल को वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर पानी देने के बारे में पूछा गया लेकिन अधिकारियों से कोई जवाब नहीं दिया।

इसके बाद जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को बार-बार ज्ञापन देकर नहरबंदी के संबंध में जानकारी देने, नहरबंदी से पूर्व बीकानेर कैनाल में अतिरिक्त पानी देने, लगातार तीन-तीन सिंचाई सुविधाएं देने, नहरबंदी के दौरान वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर खखां हैड पर 1600 क्यूसेक पानी देने की मांग की गई। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अब तक अतिरिक्त पानी भी नहीं मिला है। ऐसे में जनवरी में नहरबंदी हुई तो फसलें बर्बाद हो जायेगी। नहरबंदी कब से होगी उच्चाधिकारी वार्ता कर रहे हैं। नहरबंदी कब से ली जायेगी। इस संबंध में जानकारी नहीं है।

उन्होंने बताया कि जनवरी माह में नहरबंदी किसी भी सूरत में नहीं लेने दी जायेगी। पांच जनवरी को सभी किसान संगठनों से जुड़े किसान गुरूद्वारा सिंहसभा में एकत्रित होकर बैठक करेंगे तथा प्रशासन से वार्ता की जायेगी। संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो आंदोलन किया जायेगा। किसानों के पास आंदोलन के अलावा कोई दूसरा रास्ता नहीं है। हम अपनी फसलें बर्बाद नहीं होने देंगे।

धीरज चावला, अधीक्षण अभियंता, जल संसाधन विभाग श्रीगंगानगर का कहना है कि फिरोजपुर फीडर पुनर्निर्माण के लिए नहरबंदी को लेकर उच्चाधिकारियों की ओर से पंजाब के अधिकारियों से वार्ता की जा रही है। वैसे बीकानेर कैनाल में नहरबंदी के दौरान पानी देने की वैकल्पिक व्यवस्था करने के बाद ही बंदी ली जायेगी।

एमडी, डोडा-पोस्त सहित गिरफ्तार

बीकानेर, (कासं)। कोलायत थाना पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के कब्जे से एमडी (मेफेड्रोन), गांजा और डोडा पोस्त का चूरा व छिलका बरामद किया गया है। फिलहाल दोनों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार बीकानेर रेंज आईजी ओमप्रकाश शर्मा और पुलिस अधीक्षक कोलायत के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) बनवारीलाल मीणा और वृत्ताधिकारी कोलायत के सुपरविजन में थाना प्रभारी जसवीर कुमार पुनी ने डीएसटी टीम के साथ ऑपरेशन को अंजाम दिया।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कोलायत क्षेत्र में एक दुकान से मादक पदार्थों की सप्लाई की जा रही है। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए गहलोत रेस्टोरेंट पर दबिश दी। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से 6.39 ग्राम एमडी, 2 किलो 250 ग्राम गांजा, कुल 6 किलो 866 ग्राम डोडा पोस्त चूरा व छिलका बरामद किया गया। पुलिस ने मौके पर बाबू उर्फ गणपत गहलोत निवासी निवासी वार्ड नंबर 10, कोलायत दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

एलआईसी पॉलिसी करने के नाम पर ठगी

- 10 साल में 7 लाख रिटर्न का झांसा दिया, आरोपी ने पैसे लौटाने से मना किया
- 1.35 लाख रूपये देने के बाद पीड़ित ने पॉलिसी की कॉपी मांगी तो टालता रहा

श्रीगंगानगर, (कासं)। एलआईसी पॉलिसी करने का झांसा देकर बुजुर्ग से लाखों रूपए की ठगी करने का मामला सामने आया है।

आरोपी ने बुजुर्ग व लड़की को 10 साल में 7 लाख का रिटर्न मिलने का झांसा दिया और पैसे हड़प लिए। आरोपी अब पैसे लौटाने से मना कर रहा है। मामला श्रीगंगानगर जिले के पदमपुर क्षेत्र का है।

एसीजेएम कोर्ट पदमपुर में दी शिकायत में देवराज (50) निवासी 3 जेजे (पदमपुर) ने बताया कि उसकी लड़की जयपुर में टीईटी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। तभी आरोपी मनोज कुमार निवासी सिंहाना (झुंझुनूं) की लड़की से मुलाकात हुई। मनोज कुमार ने लड़की को बताया कि वह टीचर और एलआईसी का एजेंट है। वह लोगों की पॉलिसी करता है। इसके बाद आरोपी ने लड़की से कहा कि एलआईसी में एक शानदार स्कीम आई है। आपको एक बार में 1.35 लाख रूपए जमा करने होंगे। 10 साल बाद 7 लाख का रिटर्न मिलेगा।

लड़की ने आरोपी को पैसे देने से मना कर दिया। जिसके बाद आरोपी ने लड़की के पिता देवराज से बात की। देवराज ने मनोज की बातों पर भरोसा किया और उसके झांसे में आ गया। बाद में देवराज ने अलग-अलग किस्तों में टोटल 1.35 लाख रूपए आरोपी मनोज कुमार को एलआईसी की पॉलिसी करने के नाम पर दे दिए।

पैसे देने के बाद जब देवराज ने पॉलिसी की कॉपी मांगी तो मनोज टालता रहा। आरोपी ने कहा कि पॉलिसी उसके पास है। 10 साल बाद सीधे अकाउंट में पैसे ट्रांसफर करवा देगा। बाद में आरोपी ने कहा कि उसने कोई पॉलिसी नहीं की थी। उसने ठगी करनी थी जो कर ली। अब जो करना है कर लो। उसके बाद देवराज ने पुलिस थाना पदमपुर में शिकायत दी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। बाद में कोर्ट में शिकायत देकर मामला दर्ज कराया। फिलहाल कोर्ट के आदेश पर पदमपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एसआई राजेंद्र कुमार कर रहे हैं।

सार-समाचार

जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर बांटे

हनुमान सेवा समिति ने वल्लभ गार्डन स्थित आंगनबाड़ी के बच्चों को स्वेटर बांटे।

बीकानेर, (कासं)। श्री गुरू अर्जुनदास सत्संग भवन एवं श्री रूद्र हनुमान सेवा समिति द्वारा नव वर्ष के तीसरे दिन लगातार सेवा कार्य जारी रहे। वल्लभ गार्डन स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र 33 में कच्ची बस्ती में जरूरतमंद बच्चों व महिलाओं को सर्दियों के वस्त्र व चॉकलेट वितरण किए गए। इसमें सैकड़ों लोग लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता सरोज व सहायिका सुमन नायक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समिति के अभिषेक गुप्ता, उषा गुप्ता, अनिल स्वामी, वैभव, हिमांशी, मयंक, मोहित किराड़ू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सरोज, सहायिका सुमन व अन्य सदस्य उपस्थित रहे। उषा गुप्ता ने बताया कि संस्था द्वारा वर्ष में 5-6 बार वस्त्र वितरण कार्यक्रम मौसम के अनुकूल किया जाता है। यह कार्य आगे भी जारी रहेगा। सहायिका सुमन द्वारा संस्था व सदस्यों को कार्यक्रम के लिए धन्यवाद व आभार दिया गया। श्री गुरू अर्जुनदास द्वारा कहा गया कि वस्त्रदान महादान है। दान को पुण्य प्राप्ति का सर्वोत्तम माध्यम माना जाता है। दान व्यक्ति के पापों को नष्ट करने, सुख-समृद्धि बढ़ाने और मोक्ष प्राप्ति में सहायक कर्म बताया गया है। ऐसा माना जाता है कि शुद्ध भाव से किया गया दान न केवल दान करने वाले व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाता है, बल्कि यह उसके पूर्व जन्मों के कर्मों का भी निवारण करता है।

कीमो के बाद महिला को पैरालिसिस

बीकानेर, (कासं)। आचार्य तुलसी रीजनल कैंसर रिसर्च सेंटर में चिकित्सा लापरवाही का एक और गंभीर मामला सामने आया है। कुछ दिन पहले गलत ब्लड ठ्रुप चढ़ाने की घटना के बाद अब लिवर कैंसर से पीडित महिला मरीज को कीमोथैरेपी दिए जाने के बाद पैरालिसिस हो गया। आरोप है कि गंभीर स्थिति के बावजूद तीन दिन तक किसी सीनियर डॉक्टर ने मरीज को नहीं देखा। मरीज के पति कृष्णलाल ने बताया कि वे अपनी पत्नी मुक्ता देवी को 25 दिसम्बर को हनुमानगढ़ से इलाज के लिए बीकानेर लाए थे। 31 दिसम्बर को कैंसर विभाग में डॉक्टर मुकेश सिंघल को दिखाने के बाद महिला को कीमोथैरेपी दी गई। परिजनों का आरोप है कि कीमो लगने के उसी रात महिला के हाथ-पैर और शरीर के आधे हिस्से ने काम करना बंद कर दिया। हालत गंभीर होने के बावजूद कैंसर विभाग के ड्यूटी डॉक्टरों ने केवल एमआरआई सहित अन्य जांचें लिख दी। परिजनों का कहना है कि सभी जरूरी जांचें करवा लेने के बाद भी न तो पैरालिसिस के इलाज की शुरुआत की गई और न ही किसी सीनियर डॉक्टर ने मरीज की स्थिति देखने की जरूरत समझी। आरोप है कि डॉक्टर स्पष्ट जवाब देने से भी बचते रहे। लगातार सामने आ रही घटनाओं ने कैंसर विभाग की कार्यप्रणाली और मरीजों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब यह देखना होगा कि इस मामले में जिम्मेदारों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है। इस मामले में केबिनेट मंत्री सुमित गोदारा के सामने पत्रकारों ने ये मुद्दा रखा।

किडनी ट्रांसप्लांट सेंटर अब अंतिम चरण में, ट्रेनिंग के बाद होगा शुरू

- बीकानेर में किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा न होने से जयपुर, जोधपुर या राज्य से बाहर जाना पड़ता है

बीकानेर, (कासं)। पश्चिमी राजस्थान के किडनी मरीजों के लिए राहत भरी खबर सामने आ रही है। सरदार पटेल आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं पीबीएम अस्पताल बीकानेर में प्रस्तावित किडनी ट्रांसप्लांट सेंटर अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। करोड़ों का बुनियादी ढांचा तैयार है, विशेषज्ञ टीम निरीक्षण कर चुकी है और अब केवल यूरोलॉजी एवं नेफ्रोलॉजी टीम के प्रशिक्षण की औपचारिक प्रक्रिया पूरी होना बाकी है।

महत्वपूर्ण यह है कि दोनों विभागों के एचओडी को 10-10 किडनी ट्रांसप्लाट की ट्रेनिंग करनी थी, जिनमें से 20 में से 15 प्रशिक्षण ट्रांसप्लाट पूरे हो चुके हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि जनवरी-फरवरी 2026 तक शेष प्रशिक्षण पूरा होते ही बीकानेर में किडनी ट्रांसप्लाट सुविधा शुरू हो जायेगी। पीबीएम अस्पताल का किडनी ट्रांसप्लाट सेंटर न केवल बीकानेर बल्कि पूरे पश्चिमी राजस्थान के लिए जीवनदान केन्द्र साबित होगा।

पीबीएम अस्पताल में किडनी ट्रांसप्लाट यूनिट के लिए अत्याधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, हाईटेक आईसीयू, ट्रांसप्लाट से जुड़े सभी आधुनिक उपकरण पूरी तरह तैयार किए जा चुके हैं। इस पूरे प्रोजेक्ट पर अब तक करीब 7.29 करोड़ से अधिक की राशि खर्च हो चुकी है। हाल ही में जयपुर से आई विशेषज्ञ टीम ने यूनिट का निरीक्षण किया और सेंटर को तकनीकी रूप से उपयुक्त बताया। निरीक्षण के बाद टीम ने स्पष्ट सिफारिश की कि बीकानेर की यूरोलॉजी और नेफ्रोलॉजी टीम की अनिवार्य ट्रांसप्लाट ट्रेनिंग पूरी कराने के बाद सेंटर शुरू किया जा सकता है। बीकानेर संभाग में किडनी मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। हर साल करीब 10 प्रतिशत की वृद्धि। अकेले बीकानेर संभाग में 300 से अधिक मरीज नियमित डायलिसिस पर निर्भर है। बीकानेर, नोखा, सूरतगढ़, हनुमानगढ़ सहित कई जिलों से मरीज पीबीएम पहुंचते हैं। डायलिसिस न केवल शारीरिक रूप से थकाने वाला है, बल्कि मानसिक और आर्थिक बोझ भी है। अधिकांश मरीजों के लिए ट्रांसप्लांट ही स्थायी समाधान है, लेकिन बीकानेर में सुविधा न होने से उन्हें जयपुर, जोधपुर या राज्य से बाहर जाना पड़ता है।

किडनी मरीजों के अनुसार चिरंजीवी योजना के बावजूद दवाइयों, जांचों, ठहरने व यात्रा पर 4 से 5 लाख रूपए तक खर्च निजी अस्पताल में हो जाते हैं। ऐसे में बीकानेर में सरकारी ट्रांसप्लांट सेंटर शुरू होना मरीजों के लिए जीवन रेखा साबित हो सकता है।

डॉ. मुकेश आर्य, एचओडी, यूरोलॉजी विभाग, पीबीएम अस्पताल, का कहना है कि किडनी ट्रांसप्लाट यूनिट का इंफ्रास्ट्रक्चर पूरी तरह तैयार है। नेफ्रोलॉजी टीम की अधिकांश ट्रेनिंग पूरी हो चुकी है। शेष औपचारिकताएं भी तेजी से पूरी की जा रही हैं। जनवरी-फरवरी तक बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में किडनी ट्रांसप्लाट की सुविधा शुरू हो जायेगी।

नहर से महिला की लाश बरामद

बीकानेर, (कासं)। मुख्य नहर में एक महिला की लाश बरामद हुई है। बॉडी युवती की है, जिसके हाथ पर इंग्लिश में 'मॉम-डेड' का टैटू बना है।

पुलिस 2 दिनों से शव की शिनाख्तगी का प्रयास कर रही है, लेकिन अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। मामले में पुलिस ने अब सोशल मीडिया समेत दूसरे प्लेटफॉर्म के जरिए भी युवती की पहचान करने के प्रयास शुरू कर दिए है। मामला जिले के बज्जू थाना क्षेत्र का है। बज्जू थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रुम को सूचना मिली थी कि आरडी 888 (बज्जू) की मुख्य आईजीएनपी नहर में एक महिला की लाश मिली है। सूचना पर बज्जू थाने से एसआई प्रेमसिंह आरडी 888 पहुंचे, जहां आईएनजीपी नहर की पुलिया के दूसरे पिलर के नीचे एक महिला का शव पानी में अटका हुआ था। मृतका की लाश पानी में रहने के कारण फूल चुका था, जिसकी पहचान कर पाना मुश्किल था। बॉडी सड़ चुकी थी। गोताखोर की सहायता से बॉडी को नहर से बाहर निकाला गया। मृतका की उम्र करीब 25-30 वर्ष होना प्रतीत होता है। मृतका के गले में एक काले रंग का धागा

केरोसिन उंडेल महिला को जिंदा जलाने की कोशिश

- आरोपियों ने जबरन घर में घुसकर महिला पर केरोसिन उंड़ेल दिया और आग लगाने की कोशिश की
- शोर सुन आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी भाग गए

बीकानेर, (कासं)। कोटगेट थाना क्षेत्र में एक महिला पर घर में घुसकर जानलेवा हमला करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

रिपोर्ट के अनुसार रात करीब 2 बजे आरोपियों ने पीड़िता के घर में घुसकर गाली-गलौच की, मारपीट की और केरोसिन डालकर जलाने का प्रयास किया। घटना के समय घर में मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर पीड़िता की जान बचाई।

रिपोर्ट में दर्ज विवरण के अनुसार आरोपी समूह में आये थे। उन्होंने पहले घर के बाहर हंगामा किया फिर जबरन घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने पीड़िता पर केरोसिन उड़ेल दिया और आग लगाने की कोशिश की। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब जाकर आरोपी फरार हो गए।

पीड़िता की रिपोर्ट पर कोटगेट थाने में आईपीसी की धारा 173(3) बीएनएस सहित अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने प्रकरण संख्या 01/2026 दिनांक 02.01.2026 को दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में महावीर उर्फ कैंसर, अशोक उर्फ कन्हैया, उमेश, मनीष, हरेंद्र उर्फ भाटू, जावेद उर्फ भुट्टा और कुलदीप पुत्र बद्री को आरोपी बनाया गया है।

सभी आरोपी बीकानेर के निवासी बताये जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों की तलाश जारी है। फिलहाल किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। मामले में एफएसएल टीम को मौके पर नहीं बुलाया गया है। जांच अधिकारी का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जायेगी।

मदनपाल सिंह कर्मचारी संघ के निर्विरोध अध्यक्ष बने

बीकानेर, (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के अशैक्षणिक कर्मचारी संघ ने सर्वसम्मति से मदनपाल सिंह बीदावत को अध्यक्ष चुना गया है।

विश्वविद्यालय के प्रशासनिक सभागार में आयोजित बैठक में कर्मचारियों ने बीदावत को निर्विरोध अध्यक्ष नियुक्त किया। सुरेश व्यास द्वारा अध्यक्ष पद के लिए मदनपाल सिंह के नाम का प्रस्ताव दिया गया, जिस पर अन्य कार्मिकों ने सहमति जताई। इस दौरान शिवकुमार किराड़ू, महेन्द्र सिंह राठौड़, हुकुम सिंह रतनूं,अजीज भुट्टा, पुखराज जागरवाल, भानुप्रताप सिंह, राजीव खेतावत, डीएल राय, राणीदान सिह, रामनिवास, दिलिप कुमार, महेन्द्र सिंह राजपुरोहित सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

बादनूं में दिव्यांग बच्चों को स्वेटर वितरित

बीकानेर, (कासं)। नव वर्ष के पावन अवसर पर रोटरी क्लब बीकानेर सिटी द्वारा सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए बीकानेर से लगभग 60 किलोमीटर दूर स्थित बादनूं गांव में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बादनूं गांव स्थित अपना परिवार सेवा सदन आश्रम में 50 दिव्यांग बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए गर्म वस्त्र वितरित किए गए। कार्यक्रम प्रभारी कैलाश राठी ने बताया कि रोटरी क्लब का सतत प्रयास रहता है कि समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग तक सहायता पहुंचाई जा सके। क्लब के चार्टर्ड अकाउंटेंट अजय कुमार पुरोहित सहित रोटरी क्लब बीकानेर सिटी के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति, उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 27/01/2026 को 15:00 बजे तक निम्नानुसार खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा संख्या:** 20R1-2025-GSU-BKN **कार्य का नाम व स्थान:** बीकानेर मंडल के सिरसा स्टेशन पर बीटीआई छोर की ओर लाइन संख्या 5 की स्लीविंग और प्लेटफॉर्म संख्या 1 को 92.40 मीटर तक विस्तारित करके एक अतिरिक्त प्लेटफॉर्म संख्या 3 का प्रावधान, जिसमें सभी आवश्यक यात्री सुविधाएं शामिल हैं तथा हिसार-भटिंडा खंड के सिरसा और रमन स्टेशन पर टीडब्ल्यूएस कार्य का बचा हुआ कार्य के संबंध में ट्रैक कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹12106356.83/- **बिड सिक्यूरिटी राशि:** ₹210500/- **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय:** बोली शुरु होने की तारीख 13/01/2026 और निविदा बंद होने की तारीख और समय 27/01/2026 को 15:00 बजे तक। **नोट:** अन्य शर्तें रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। E-Office File No.: NWR-BKNOENGG (WRKF)/89/2025 (Computer No. 232554) Dated- 02.01.2026 12-DK/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

ई-निविदा सूचना संख्या: 263 से 266-25-26

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दिनांक 22.01.2026 को 15:00 बजे तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **(1) निविदा संख्या:** 263, **कार्य का नाम व स्थान:** वरि. मंडल इंजीनियर/ पश्चिम, बीकानेर के क्षेत्राधिकार में विभिन्न आरयूबी में पानी एकत्रित होने से रोकने के लिए ड्रेनेज सिस्टम में सुधार करना। **अनुमानित लागत मूल्य:** ₹ 99536055.32/- **धरोहर राशि:** ₹ 647700.00/- **(2) निविदा संख्या:** 264, **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मंडल इंजीनियर/ मुख्यालय, बीकानेर के अधीन विभिन्न अधिकारी बंगलो एवं स्टाफ क्वार्टरों में सुधार कार्य तथा बीकानेर स्थित बंगला नं. 106ए, 106बी, 107ए व 107बी की छत को बदलने का कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य:** ₹ 3905644.15/- **धरोहर राशि:** ₹ 78100.00/- **(3) निविदा संख्या:** 265, **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मंडल इंजीनियर/ मुख्यालय, बीकानेर के अधीन सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, बीकानेर में इन्फ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड करना एवं रख-रखाव सुविधाओं में वृद्धि करना। **अनुमानित लागत मूल्य:** ₹ 39587450.83/- **धरोहर राशि:** ₹ 347900.00/- **(4) निविदा संख्या:** 266, **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मंडल इंजीनियर / मुख्यालय, बीकानेर के अधीन स्टोर डिपो में नये वे-ब्रिज (100 एमटी क्षमता का) का निर्माण करना तथा अधातु सामग्री के स्टोरेज के डबल स्टोरी स्पेश स्टाफ रूम, पार्किंग एवं टॉयलेट आदि का निर्माण करना। **अनुमानित लागत मूल्य:** ₹ 10619214.14/- **धरोहर राशि:** ₹ 203100.00/- **नोट:** अन्य शर्तें रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 10-DK/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

पोस्त व 17800 नशे के कैप्सूल सहित गिरफ्तार

- किराए पर लिए मकान में छिपाकर रखता था नशा

श्रीगंगानगर, (कासं)। गंगानगर के पुरानी आबादी के युवक को 32 किलो पोस्त, 17800 नशे के कैप्सूल सहित गिरफ्तार किया। आरोपी को शनिवार को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा

आरोपी ने पुरानी आबादी के वार्ड नंबर 16 में गांधी बस्ती में मकान को किराए पर लिया हुआ था। इस मकान में ही नशे की खेप लाकर छुपा देता था। फिर यहीं से डिमांड के अनुसार सप्लाई करता रहता था। जांच अधिकारी सेतिया चौकी प्रभारी रामेश्वर लाल ने बताया कि आरोपी को वर्ष 2024 में कोतवाली पुलिस द्वारा ही एनडीपीएस एक्ट में प्रतिबंधित घटक के कैप्सूल सप्लाई के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। अन्य आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी भी जुटायेंगे। श्रीगंगानगर पुरानी आबादी एसएचओ सीरकौर ने एक युवक को मादक पदार्थ पोस्त तथा प्रतिबंधित घटक की नशे के काम लिए जा रहे कैप्सूल की भारी मात्रा के साथ गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में डीएसटी प्रथम के कांस्टेबल अजय प्रताप सिंह की विशेष भूमिका रही। एसएचओ सीरकौर ने बताया कि पुरानी आबादी में श्यामनगर यूआईटी कॉलोनी निवासी 32 वर्षीय दीपक उर्फ दीपू खत्री पुत्र प्रमोद खत्री के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को 32 किलो डोडा चूरा पोस्त तथा प्रतिबंधित घटक के 11 हजार कैप्सूल एक साल्ट तथा 68 सौ कैप्सूल दूसरे साल्ट के बरामद किए गए हैं।

बर्फबारी से शीतलहर और कोहरा

श्रीगंगानगर, (कासं)। गंगानगर में शनिवार को अधिकतम तापमान 15.9 डिग्री और न्यूनतम 12.7 डिग्री रिकार्ड किया गया। इससे जिले में दिन में भी ठिठुरन महसूस हो रही है।

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक श्रीगंगानगर सहित कई जिलों में शीतलहर चलने और सुबह-शाम घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। कोहरे के कारण विजिबिलिटी भी कम रहेगी जिससे वाहन चालकों को समस्या का सामना करना पड़ेगा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार इन दिनों हिमालय क्षेत्र में लगातार बर्फबारी हो रही है। इससे उत्तर से आने वाली ठंडी हवाएं राजस्थान के मैदानी इलाकों तक पहुंच रही है। श्रीगंगानगर की भौगोलिक स्थिति के कारण यहां ठंड का असर सबसे ज्यादा पड़ रहा है। हवाओं की रफ्तार बढ़ने से ठिठुरन और बढ़ गई है।

यूरिया नहीं मिलने से किसानों ने चक्का जाम कर विरोध जताया

- श्रीविजयनगर में यूरिया संकट से किसान आक्रोशित
- रायसिंहनगर मुख्य मार्ग पर चक्का जाम, प्रशासन ने टोकन प्रणाली से वितरण का आश्वासन देने पर किसानों ने जाम हटाया

श्रीविजयनगर, (कासं)। यूरिया खाद की किल्लत से आक्रोशित किसानों ने शनिवार को श्रीविजयनगर-रायसिंहनगर मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। इस प्रदर्शन के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारें लग गई जिससे आम जनता और यात्रियों को काफी परेशानी हुई।

किसानों का कहना था कि रबी की फसल के लिए समय पर यूरिया खाद नहीं मिलने से वे पहले से ही चिंतित थे। कई दिनों से खाद उपलब्ध न होने के कारण किसानों का गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दी। किसानों ने बताया कि फसल की बढ़वार के महत्वपूर्ण समय में यूरिया न मिलने से पैदावार पर सीधा असर पड़ेगा।

चक्का जाम की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। कुछ देर बाद तहसीलदार राजवीर सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे और किसानों से बातचीत की।

किसानों ने प्रशासन के सामने अपनी समस्या रखते हुए तत्काल यूरिया उपलब्ध कराने की मांग की। तहसीलदार राजवीर सिंह ने मौके पर ही कृषि विभाग के अधिकारियों से बात की और जल्द से जल्द यूरिया की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि एक पारदर्शी टोकन प्रणाली लागू की जायेगी। जिसके तहत उपलब्धता के आधार पर किसानों को क्रमवार यूरिया खाद वितरित की जायेगी ताकि कोई अव्यवस्था न हो। तहसीलदार के आश्वासन और प्रशासन की समझाइश के बाद किसानों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया और मुख्य मार्ग से जाम हटा लिया। इसके बाद यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो सका।

अध्यात्म और मीडिया का संगम ही स्वस्थ समाज का आधार : मुनि कमल कुमार

तेरापंथ भवन में आयोजित 'समाज निर्माण में अध्यात्म और मीडिया की भूमिका' विषय पर वैचारिक संगोष्ठी में मीडिया कर्मियों ने शिरकत की।

बीकानेर, (कासं)। जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा गंगाशहर के तत्वावधान में गुरूवार को तेरापंथ भवन में एक विशेष वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

उग्र विहारी तपोमूर्ति मुनि कमल कुमार स्वामी के पावन सानिध्य में आयोजित इस संगोष्ठी का मुख्य विषय 'समाज निर्माण में अध्यात्म और मीडिया की भूमिका' रहा। इस अवसर पर मुनि श्री ने अध्यात्म और मीडिया के अंतर संबंधों को रेखांकित करते हुए समाज को नई दिशा प्रदान की। सत्य ही धर्म है और सत्य ही मीडिया का मूल मुनि श्री सभा को संबोधित करते हुए मुनि कमल कुमार ने कहा कि जिस प्रकार शरीर से आत्मा का निकल जाना मृत्यु है। उसी प्रकार अध्यात्म के बिना जीवन और धर्म का कोई अस्तित्व नहीं है। उन्होंने कहा कि मीडिया का कार्य सत्य को सामने लाना है और सत्य का वास्तविक अर्थ ही धर्म है। जहां नैतिकता और प्रामाणिकता का अभाव होता है, वहां अशांति पनपती है। मुनि श्री ने संयम को ही जीवन का आधार बताते हुए गंगाशहर में तपस्वी संत नमि मुनि द्वारा की जा रही साधना की भी सराहना की। विषय प्रवर्तन करते हुए जैन लूणकरण छाजेड़ ने कहा कि समाज की मजबूती आध्यात्मिक मूल्यों और मीडिया की जिम्मेदार भूमिका पर टिकी है। उन्होंने अध्यात्म को समाज का चरित्र और मीडिया को आंख-नाक-कान की संज्ञा दी।

मुख्य वक्ता ने प्रिंट मीडिया की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लिखने की कला में संयम तभी आता है जब भीतर अध्यात्म का वास हो। उन्होंने चरित्र निर्माण की शुरूआत परिवार से करने पर जोर दिया। बीकानेर प्रेस क्लब के अध्यक्ष खुशाल सिंह ने पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज की अनैतिक समस्याओं का समाधान गुरु ज्ञान और आध्यात्मिक अंकुश में ही निहित है। वहीं जार के प्रदेश अध्यक्ष श्याम मारू ने कहा कि जब अध्यात्म और मीडिया की धाराओं का संगम होता है, तो समाज की बुराईयों का अंत सुनिश्चित हो जाता है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और कुरीतियों के विरूद्ध मीडिया की लेखनी को अध्यात्म से ही शक्ति मिलती है।

नगाड़ों की थाप पर निकाला नगर कीर्तन

श्रीगंगानगर, (कासं)। श्री गुरू गोविन्द सिंह के प्रकाशोत्सव पर शहर में भक्ति का ऐसा सैलाब उमड़ा कि हर राह गुरू के प्रति श्रद्धा के रंग में रंगी नजर आई।

रेलवे स्टेशन रोड स्थित गुरूद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से शुक्रवार को शुरू हुआ नगर कीर्तन जब नगाड़ों की थाप के बीच शहर के मुख्य बाजारों से गुजरा तो नजारा देखने लायक था। नगर कीर्तन की सबसे खास बात यह रही कि इसमें शहर के 17 अलग-अलग गुरूद्वारों से आये रागी जत्थों ने जब एक सुर में देहि शिवा बर मोहि इहै... और वाहो-वाहो गोबिंद सिंह... के शब्द गायन किए तो संगत मंत्रमुग्ध हो गई। फूलों से सजी पालकी साहिब की भव्यता और उसके आगे चलते पंज प्यारे आकर्षण का केन्द्र रहे। प्रशासन और सेवादारों की मुस्तैदी के कारण 10 किलोमीटर लम्बे मार्ग पर व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रही। यह सफर इस बार 7 घंटे तक चला।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियोजन / 2026/ **विज्ञप्ति** द